Reemployment of the officials of AI/IA after their resignation

1276. SHRI VIRENDRA VERMA:
SHRI SUSHIL CHAND MOHUNTA:

Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that certain officials of Air India and Indian Airlines, who had resigned from service were again taken back on higher salaries;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) whether Government have made any inquiry into the matter, if so, what are the findings thereof; and

(d) what action Government propose to take in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF CIVIL AVIATION (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) Indian Airlines has not re-employed any employee who resigned from its service. In Air India, however, some such employees have been re-employed.

(b) Out of the 25 Air India employees who resigned in India during the last 5 years, 20 were re-employed in stations abroad and 5 within India.

(c) and (d) Such employees were re-employed in India in the same category from which they had earlier resigned, whereas those re-employed at stations abroad got more emoluments, because they are governed by salary and other conditions applicable to local employees at their respective stations.

रेलवे अस्पताल, मुगलसराय में स्टाफ की कमी

1277. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को रेलवे अस्पताल मुगलसराय में डाक्टरों, नर्सों, एम्बुलेंसों, ड्राइवरों आदि की कमी के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ख) उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिन्धिया): (क) जी हां । सम्प्रति, मुगलसराय के रेलवे अस्पताल में डाक्टरों, नर्सों, एम्बुलेंसों, ड्राइवरों, आदि की कोई कमी नहीं है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

मैसर्स ग्लैक्सो के खिलाफ शिकायत

@1277-क. **श्री मुख्तियार सिंह मलिक** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैसर्स ग्लैक्सो काफी लम्बे अर्से से अपने उत्पाद का एक ही बैच नम्बर बार-बार देकर औषधियों का उत्पादन कर रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस मामले में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

परिवार कल्याण विभाग में उपमंत्री (श्री एस. कृष्णकुमार) : (क) जी, नहीं। मैसर्स ग्लैक्सो कम्पनी लिमिटेड की बैच नम्बर जारी करने की एक प्रणाली है जो इस प्रकार है :–

कम बिकने वाले उत्पादों अथवा शार्ट लाइफ उत्पादों (24 मास से कम) के मामले में वे बैच नं. 101 से शुरू करते हैं और जब यह बैच नं. 999 पर पहुंच जाता है तो वे उसी उत्पाद के लिए फिर से बैच नं. 101 से शुरू करते हैं। ज्यादा बिकने वाले उत्पादों अथवा लम्बी शेल्फ लाइफ (36 मास) वाले उत्पादों के बारे में वे बैच नं. 101 से शुरू करते हैं और बैच न. 9999 पर पहुंचने के बाद फिर बैच नं. 101 से शुरू करते हैं ।

(ख) फर्म को सलाह दी गई है कि वह भ्रान्ति को दूर करने के लिए इस प्रणाली में परिवर्तन करें और लगातार बैच नम्बर दें तथा कुछ अवधि के बाद उसी बैच नम्बर को फिर से शुरू न करें । इस सम्बंध में निर्माता ने सूचित किया है कि तीन अंकों वाला बैच नम्बर सामान्यतया 3 वर्ष से भी अधिक अवधि तक चलता है और चार अंकों वाला बैच नम्बर 5 वर्ष से पहले फिर 101 से शुरू नहीं होगा । वैसे, उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे इस प्रणाली में संशोधन कर स्पष्ट बैच नम्बर प्रणाली शुरू करेंगे

@पूर्वत: अतारांकित प्रश्न 888, 5 मई, 1986 से स्थानान्तरित ।